दिन– सोमवार                                                                                   दिनांक– 07 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।                                                                  अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने शिक्षकों की स्थानांतरण नीति जारी की। बीपीएससी से चयनित और सक्षमता परीक्षा पास करने वाले शिक्षक ही इस नीति के दायरे में आयेंगे।

02. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक की। कहा–नक्सलवाद विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा।

03. नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बी.वी.आर. सुब्रमण्यम ने बिहार के आकांक्षी जिलों में संचालित योजनाओं की प्रगति पर संतोष जताया।

04. और, दिल्ली की एक अदालत ने नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में लालू प्रसाद, तेजस्वी प्रसाद यादव और तेज प्रताप यादव समेत सभी आरोपियों को दी जमानत।

———————————————————————

राज्य सरकार ने शिक्षकों की स्थानांतरण नीति जारी कर दी है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने पटना में नई नीति जारी करते हुए कहा कि बिहार लोक सेवा आयोग से चयनित और सक्षमता परीक्षा पास करने वाले शिक्षक ही स्थानांतरण नीति के दायरे में आयेंगे। स्थानीय निकाय द्वारा नियुक्त शिक्षकों को नई नीति से बाहर रखा गया है। श्री कुमार ने बताया कि असाध्य और गंभीर रोग, शारीरिक दिव्यांगता तथा मानसिक शिक्षा मंत्री दिव्यांगता से ग्रसित शिक्षक तथा विधवा और परित्यक्त शिक्षिकाओं को उनके विकल्प के पंचायत, नगर निकाय, प्रखंड, अनुमंडल या जिले में स्थानांतरित किया जा सकेगा।

———बाईट———

शिक्षा मंत्री ने बताया कि नई नीति के अनुसार शिक्षक दंपति को एक ही स्कूल में नियुक्ति मिलेगी। वहीं, पुरूष शिक्षकों का स्थानांतरण गृह अनुमंडल में नहीं होगा। शिक्षकों को उनके सेवा काल के प्रत्येक पाँच वर्ष पर स्थानांतरित किया जायेगा। इधर, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने कहा कि स्थानांतरण में शिक्षकों को दस प्रकार के विकल्प दिए गए हैं।

–––बाईट–––

डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि स्थानांतरण के लिए इसी महीने से आवेदन लिए जायेंगे और दिसम्बर महीने तक पदस्थापना कर दी जायेगी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि केंद्र और राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय से देश में वामपंथी उग्रवाद को पूरी तरह खत्म कर दिया जायेगा। श्री शाह ने आज नई दिल्ली में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा है और इससे किसी का भला नहीं होने वाला है।

–––बाईट–––

वामपंथी उग्रवाद की लड़ाई अब अपने अंतिम चरण में है ऐसा हम कह सकते हैं और मैं विश्वास के साथ आप सभी को बताना चाहता हूं कि 2026 मार्च तक आप सभी के सहयोग से यह देश दशकों पुरानी समस्या से मुक्ति पा लेगा।

श्री शाह ने नक्सलवाद से जुड़े सभी युवाओं से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में आने की अपील की है।

–––बाईट–––

बैठक में बिहार के उप–मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत नक्लसवाद प्रभावित विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बी.वी.आर. सुब्रमण्यम ने बिहार के आकांक्षी जिलों में संचालित योजनाओं की प्रगति पर संतोष जताया है। गया में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि बिहार के आकांक्षी जिलों ने विभिन्न मानकों पर बेहतर प्रदर्शन किया है। इस बीच हमारे संवाददाता ने बताया कि श्री सुब्रमण्यम कल गया में भारत लैब की तर्ज पर विकसित बिहार जेन नेक्स्ट लैब का

उद्घाटन करेंगे। बिहार जेन नेक्स्ट पर राज्य सरकार के विभिन्न विभागों की ओर से किए गए कार्यों और इससे संबंधित आंकड़े उपलब्ध होंगे। इसके माध्यम से किसी भी विभाग से संबंधित जानकारी एक क्लिक के माध्यम से प्राप्त हो सकेगी। इधर, गया में कल डाटा ड्रीवेन गवर्नेंस पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन में उन्नीस राज्यों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

———————————————————————

राज्य सरकार और नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विस कंपनीज, नैसकॉम के बीच सूचना तकनीक के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के लिए आज पटना में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। सूचना प्रावैधिकी मंत्री संतोष कुमार सुमन ने बताया कि बिहार आईटी नीति 2024 के तहत इस समझौते का उद्देश्य राज्य को आईटी मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित करना है। उन्होंने कहा कि नैसकॉम की 3000 से अधिक कंपनियां इसमे सहयोग करेंगी।

———बाईट———

———————————————————————

वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा है कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत बिहार मे दो करोड़ अस्सी लाख पौधे लगाए जा चुके हैं। आज पटना मे संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य में चार करोड़ अड़सठ लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

———बाईट———

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के खाते में एक हजार छह सौ पचास करोड़ रूपये से अधिक की राशि का हस्तांतरण किया। पटना में आयोजित समारोह में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार भी मौजूद थे।

———————————————————————

दिल्ली की एक अदालत ने नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में राजद अध्यक्ष और पूर्व रेलमंत्री लालू प्रसाद उनके पुत्र तेजस्वी प्रसाद यादव और तेज प्रताप यादव समेत सभी आरोपियों की जमानत मंजूर कर ली है। अदालत ने कहा कि आरोपियों को गिरफ्तार किये बिना उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया था, जिस कारण उन्हें जमानत दी जाती है। प्रत्येक आरोपी को एक–एक लाख रूपये के व्यक्तिगत मुचलके पर जमानत दी गई है। इस मामले की अगली सुनवाई पच्चीस अक्टूबर को होगी। अदालत ने सभी आरोपियों को अपने पासपोर्ट जमा करने के भी निर्देश दिये हैं।

———बाईट———

———————————————————————

भूमि सुधार और राजस्व विभाग के मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने कहा है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारतीय ज्ञान परम्पराओं के अनुरूप है। डॉक्टर जायसवाल आज ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा में नई शिक्षा नीति पर आधारित एक कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने विश्वविद्यालय के शोधार्थियों से ऐसे विषयों पर शोध करने की अपील की जो समाजोपयोगी हो।

———बाईट———

———————————————————————

पूर्णियां जिले के अमौर में पुलिस और एसटीएफ की टीम ने एनकाउंटर में कुख्यात ईनामी अपराधी मोहम्मद बाबर को मार गिराया है। एसडीपीओ पुष्कर कुमार ने बताया कि किशनगंज जिले के रहने वाले मोहम्मद बाबर पर बिहार और पश्चिम बंगाल में अठारह से अधिक मामले दर्ज थे। वह पिछले वर्ष भागलपुर के हुसैनाबाद में हुए बम विस्फोट की घटना का भी मुख्य आरोपी था।

———————————————————————

शारदीय नवरात्र के पांचवे दिन आज देवी दुर्गा के स्कंदमाता स्वरूप की पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जा रही है।

———म्यूजिक———

मान्यता है कि स्कंदमाता अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं को पूरा करती हैं। दुर्गा पूजा को लेकर राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश में माहौल भक्तिमय हो गया है। प्रतिमाओं और पूजा पंडालों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पूरा वातावरण माँ दुर्गा के मंत्रों और भजनों से गुंजायमान है।

———म्यूजिक———

———————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून पूरी तरह कमजोर पड़ गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटो के दौरान बेगूसराय के मटिहानी में सबसे अधिक छब्बीस दशमलव छह मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटो के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। वहीं, राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में एक दो स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात की संभावना है।

———————————————————————————

दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत मालिया चौक के पास सड़क हादसे में दो सगे भाई समेत तीन युवकों की मौत हो गई। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

———————————————————————————

औरंगाबाद के बघोई टोला सत्येन्द्र नगर में पुलिस और एसटीएफ की टीम ने छापेमारी कर प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादी के दो जोनल कमांडर समेत चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

खगड़िया जिले के परबत्ता थाना क्षेत्र से पुलिस और एसटीएफ की टीम ने पचास हजार रूपये के ईनामी अपराधी गुड्डू ठाकुर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने शराब तस्करी में शामिल तीन किसान सलाहकार को सेवा से बर्खास्त कर दिया है।

———————————————————————

अररिया जिले के फारबिसगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत धनपुरा गांव में पुलिस और कृषि विभाग के टीम ने छापेमारी कर एक बंद पड़े गोदाम से सतासी बोरा नकली खाद बरामद की है। वहीं, जिले के सोनमणि गोदाम और भरगामा थाना क्षेत्र से पुलिस ने छह मवेशी तस्करों को बीस पशुओं के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

01. राज्य सरकार ने शिक्षकों की स्थानांतरण नीति जारी की। बीपीएससी से चयनित और सक्षमता परीक्षा पास करने वाले शिक्षक ही इस नीति के दायरे में आयेंगे।

02. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक की। कहा—नक्सलवाद विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा।

03. नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बी.वी.आर. सुब्रमण्यम ने बिहार के आकांक्षी जिलों में संचालित योजनाओं की प्रगति पर संतोष जताया।

04. और, दिल्ली की एक अदालत ने नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में लालू प्रसाद, तेजस्वी प्रसाद यादव और तेज प्रताप यादव समेत सभी आरोपियों को दी जमानत।

———————————————————————

समाप्त